जनसत्ता
इंडियन एक्सप्रेस समूह
ार्च 201 कोलकाता, 27 मार्च 2010 कोलकाता, दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित (डाक रविवार 28 मार

तीस मार्च को कारुगेटेड बॉक्स निर्माताओं की सांकेतिक हड़ताल

कोलकाता, 26 मार्च (जनसत्ता)। क्राफ्ट पेपर के मूल्य में बेतहाशा वृद्धि और राज्य के पेपर मिलों की तानाशाही के खिलाफ आगामी 30 मार्च को पश्चिम बंगाल, झारखंड, सिक्किम समेत पूर्वी क्षेत्र के कारुगेटेड बॉक्स निर्माता सांकेतिक हड़ताल करेंगे। इस दिन करीब आठ सौ कारुगेटेड बॉक्स निर्माता अपने कारखानों व कार्यालयों को बंद रखेंगे। अगर इस सांकेतिक हड़ताल से भी पेपर मिलों के मालिक और सरकार ने हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो हम बेमियादी हड़ताल पर जाने को मजबूर हो जाएंगे। यह घोषणा आज शाम आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में इस्टर्न इंडिया कारुगेटेड बॉक्स मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन (ईआईसीएमए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरजी अग्रवाल और पूर्वी क्षेत्र के प्रमुख हेमंत सरावगी ने की।

दोनों ने बताया कि देश भर में कारुगेटेड बॉक्स का कारोबार सालाना साढ़े नौ हजार करोड़ का है और पश्चिम बंगाल समेत पूर्वी क्षेत्र में यह कारोबार आठ सौ करोड़ का होता है। इससे पूर्वी क्षेत्र में करीब 35 हजार लोग जुड़े हुए हैं। अगर सरकार ने हमारी समस्याओं पर तुरंत ध्यान नहीं दिया तो हमारा उद्योग चरमरा जाएगा और लोग सड़क पर आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि सांकेतिक हड़ताल करने को हम मजबूर हैं। सरावगी ने बताया कि 30 मार्च की सांकेतिक हड़ताल के बाद हम अपनी रणनीति तय करेंगे। जरूरी हुआ तो हम बेमियादी हड़ताल पर भी जाएंगे।